प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जयपुर दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।
- यूपीआई से इस साल अक्टूबर में 16 अरब 58 करोड़ वित्तीय लेनदेन – पिछले साल इसी अवधि की तुलना मे ये 45 प्रतिशत अधिक।
- जयपुर में होने वाली सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा स्थगित करने के साथ ही पिछले सात दिनों से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त।
- स्वर्ण नगरी जैसलमेर और जयपुर के बीच नियमित हवाई सेवाएं शुरू।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जयपुर दौरे को देखते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कल सांगानेर के दादिया में सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम को लेकर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड और पूर्व सांसद रामचरण बोहरा सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि वर्तमान राज्य सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में दादिया में जनसभा का आयोजन किया जायेगा।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक हर दिन एक नया संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में कल चौथा संकल्प लेते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश के 350 विद्यार्थी स्वयंसेवकों को ग्लोबल एक्सपोजर प्रदान कर सशक्त बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट का उद्देश्य है कि युवाशक्ति के कौशल और कार्यकुशलता को दिशा देकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास की यात्रा में उनका भी योगदान सुनिश्चित किया जाए।

00000

राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की बोर्ड बैठक में कोटपूतली कुचामन रोड को चौडी करने और इसके नवीनीकरण कार्यो के लिए 169 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। कल जयपुर में हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस काम को डेढ साल में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023– 24 की बैलेंस शीट और वित्तीय लेखा पारित किया गया। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये की सड़क निर्माण के लिए फुल डेप्थ रिक्लिएशन तकनीक का इस्तेमाल किया जाये। इस तकनीक में पहले पुरानी सड़क को उखाड़ा जाता है और उसी सामग्री का इस्तेमाल करके नई सड़क बनाई जाती है। उप मुख्यमंत्री ने सड़क और अन्य निर्माण कार्यों में प्लास्टिक वेस्ट के इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भविष्य में एनवायरमेंट फ्रेंडली तकनीक से ग्रीन कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क और भवन निर्माण करने को कहा।

00000

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कल जोधपुर के सालावास उप जिला अस्पताल में 42 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य चिकित्सा क्षेत्र का आधुनिकीकरण और उन्नयन सुनिश्चित करना है। इस दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र, सैटलाइट और जिला अस्पताल बनाए गए है। श्री पटेल ने बताया कि अगले साल मार्च तक चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टॉफ के पदों पर लगभग 52 हजार कार्मिकों के नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

00000

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस– यूपीआई से इस साल अक्टूबर में 16 अरब 58 करोड़ वित्तीय लेनदेन हुआ है। केवल एक महीने में यूपीआई से इस लेनदेन में लगभग 23 लाख 49 हजार करोड़ रूपये का भुगतान किया गया। पिछले साल अक्टूबर की तुलना में यह 45 प्रतिशत अधिक है। यूपीआई को 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा लांच किया गया था। यूपीआई ने वित्तीय लेनदेन को तेज सुरक्षित और सहज बनाया है। इसने व्यक्तियों, छोटे व्यवसाय और व्यापारियों को भी सशक्त बनाया है। इसके चलते देश कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

00000

पाली में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित पालनहार योजना के अंतर्गत आज से शिविर लगाए जा रहे है। 13 दिसम्बर तक ग्राम पंचायत स्तर पर 64 विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

00000

जयपुर में होने वाली सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा को स्थगित करने के निर्णय के साथ ही पिछले सात दिनों से चल रही सफाई कर्मचारियों की हडताल समाप्त हो गई है। आज से सफाई कर्मचारी फिर से अपने कार्य में जुट गए है। कल सफाई कर्मचारी नेता और पदाधिकारियों की नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और विधायक कालीचरण सराफ की मौजूदगी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बातचीत हुई। इसमें सफाई कर्मचारियों की भर्ती को रोकने पर सहमति बनी। भर्ती को लेकर नई तारीख की घोषणा की जाएगी। सफाईकर्मियों की हडताल, भर्ती में हिस्सा ले रहे कर्मचारियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने और जिन्हें जारी किए गए उन्हें देरी की वजह से अपलोड नहीं कर पाने के कारण की गई थी।

00000

मार्बल नगरी किशनगढ़ में जल्द ही 100 बेड के ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण किया जायेगा। यह अस्पताल राजस्व गांव किशनगढ़ बी में 20 हजार 300 वर्गमीटर भूमि पर बनेगा। इससे क्षेत्र के 20 हजार से ज्यादा बीमित श्रमिकों और कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार ने अस्पताल के लिए भूमि आंवटन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

00000

भारतीय जनता पार्टी में आज से बूथ अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। पार्टी ने इसे संगठन पर्व का नाम दिया है। इस पर्व के तहत बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव सर्वसम्मिति से कराया जाएगा। दिसंबर में बूथ, मंडल और जिला अध्यक्ष के चुनाव होंगे, जबकि प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव 15 जनवरी तक और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जनवरी में ही होगा। पार्टी में पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है। गौरतलब है कि सदस्यता अभियान के तहत पार्टी ने करीब 85 लाख नए सदस्य बनाए। जिन कार्यकर्ताओं ने 50 साधारण सदस्य बनाए हैं, उन्हें सक्रिय सदस्य का दर्जा दिया गया है।

00000

स्वर्ण नगरी जैसलमेर और जयपुर के बीच नियमित हवाई सेवाएं शुरू हो गई है। कल पहले दिन 61 यात्री जैसलमेर पहुंचे। वहीं 44 यात्रियों ने जयपुर वापसी की। हमारे संवाददाता ने बताया कि दिल्ली और मुंबई के लिए नियमित हवाई सेवाओं के बाद अब जयपुर के लिए इनकी शुरूआत होने से जैसलमेर में पर्यटन को और बढावा मिलने की संभावना है।

00000

भारत ने जूनियर एशिया कप हॉकी के सेमिफाइनल में प्रवेश कर लिया है। ओमान के मस्कट में ` कल भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया को 8–1 से हरा दिया। अर्शदीप सिंह ने हैट्रिक लगायी जबकि अरिजीत सिंह हुंदल ने भारत के लिए 2 गोल किए। गुरजोत सिंह, रोशन कुजूर और रोहित ने एक–एक गोल किया। दक्षिण कोरिया के लिए एक मात्र गोल तहियोन किम ने किया।

00000